**भारत सरकार**

**इस्पात मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1919**

**10 मार्च, 2021 को उत्तर के लिए**

**वाइज़ाग में 'सेन्ट्रल डिसपैच यार्ड प्रोजेक्ट'**

**1919. श्री वाई.एस. चौधरी:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि आंध्र प्रदेश स्थित वाइज़ाग (विशाखापट्टनम) में 'सेन्ट्रल डिसपैच यार्ड प्रोजेक्ट' का निर्माण कार्य अभी पूरा होना बाकी है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या-क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**<u>उत्तर</u>**

**इस्पात मंत्री** **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (ग): राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) में सेंट्रल डिस्पैच यार्ड (सीडीवाई) की सभी कार्यात्मकताएं और प्रमुख निर्माण कार्य पूरे हो गए हैं और वर्तमान उत्पादन, भंडारण और प्रेषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सीडीवाई से प्रचालन सड़क एवं रेल डिस्पैच के माध्यम से शुरु हो गए हैं।

****